3. नांगल पठानी, आटूसाना-कोसली सेक्शन में
4. हिरनवाली, धोलीपाल-हनुमानगढ़ सेक्शन में
5. सलेमगढ़ मसानी, शेरेखान-टिब्बी सेक्शन में

इन सभी स्टेशनों का काम 31-3-1966 तक पूरा हो जाने की संभावना है।

**बीकानेर डिवीजन में ऊपर के और नीचे के पुल**

419. **श्री प० ला० बारूपाल** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर रेलवे के बीकानेर डिवीजन में रेल के फाटकों पर ऊपर के और नीचे के पुल बनाने की कोई योजना बनाई गई थी और इस योजना की कार्यान्विति के खिलाफ स्थानीय नगर निगम, नगर विकास समिति, व्यापार संगठनों तथा जिला कांग्रेस समिति ने विरोध पत्र भेजे थे और यदि हां, तो क्या इस समय योजना को रोक दिया गया है; और

(ख) क्या सरकार का विचार वर्तमान रेलवे लाइन को हटा कर नगर से बाहर ले जाने का है और यदि हां, तो इस कार्य के कब तक पूर्ण होने की संभावना है ?

**रेल मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री शाम नाथ)** : (क) 21-12-61 को बीकानेर में रेल मंत्रालय और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधियों के बीच एक बैठक हुई थी उसमें यह तय किया गया था कि जनता की वर्तमान कठिनाइयों को कम करने के लिए दो ऊपरी सड़क-पुल बनाये जायें (एक बीकानेर स्टेशन के पास और दूसरा अस्पताल रोड पर)। बाद में प्रस्तावित योजना के विरुद्ध जनता और राज्य सरकार की ओर से प्रतिवेदन मिले हैं और इसकी वजह से योजना के बारे में अंतिम निर्णय नहीं किया जा सका।

(ख) जी नहीं। लेकिन, यदि राज्य सरकार मौजूदा रेलवे लाइन को हटाना चाहे तो वर्तमान नियमों के अधीन रेलवे लाइन हटाने के पूरे खर्च के साथ-साथ रेलवे की आमदनी में होने वाली हानि का भुगतान राज्य सरकार को करना होगा। अनुमान है कि रेलवे लाइन को हटाने में एक करोड़ से अधिक रुपये खर्च होंगे।

**मध्य प्रदेश में इस्पात संयंत्र**

420. **श्री याज्ञिक** :
**श्री राम सहाय पाण्डेय** :

क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश के बस्तर क्षेत्र में बढ़िया किसम के लौह अयस्क के बड़े निक्षेप हैं;

(ख) क्या सरकार मध्य प्रदेश में एक और इस्पात संयंत्र लगाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या प्रगति हुई है;

(ग) क्या मध्य प्रदेश सरकार से कोई परियोजना प्रतिवेदन मांगा गया है; और

(घ) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने कोई परियोजना प्रतिवेदन भेजा है, और यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है।

**इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी)** : (क) जी, हां

(ख) जी, हां। इस सम्बन्ध में एक तकनीकी समिति पहले ही अन्य स्थानों के साथ साथ किरंदुल-बेलाडिला क्षेत्र में इस्पात कारखाने के व्यवहार्यता प्रतिवेदन की जांच

कर चुकी है । समिति ने कुछ सिफारिशें की हैं जिन पर सरकार विचार है कर रही है ।

(ग) और (घ). मध्य प्रदेश सरकार से कोई प्रायोजना प्रतिवेदन नहीं मांगा गया है । फिर भी मध्य प्रदेश सरकार से बस्तर जिले में एक लोहे और इस्पात कारखाने की सम्भाव्यता पर एक टिप्पणी प्राप्त हुई है । नये कारखाने की स्थिति के बारे में अन्तिम निर्णय करते समय टिप्पणी में व्यक्त किये गये विचारों को ध्यान में रखा जायगा ।

**कार्बनी करण संयंत्र**

421. **श्री चाण्डक** : क्या इस्पात और खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश सरकार ने निम्न तापीय कार्बनीकरण संयंत्र स्थापित करने के बारे में केन्द्रीय सरकार को कोई योजना भेजी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उस योजना पर विचार किया गया है या हो रहा है ; और

(ग) क्या यह संयंत्र गैर-सरकारी क्षेत्र में स्थापित होगा या सरकारी क्षेत्र में और यदि हां, तो कब ?

**इस्पात और खान मंत्री (श्री संजीव रेड्डी)** : (क) से (ग). मध्य प्रदेश सरकार ने तीसरी योजना के अन्तर्गत घोराडोंगरी नामक स्थान में एक निम्नतापीय कार्बनीकरण संयंत्र स्थापित करने के सम्बन्ध में एक सुझाव भेजा था । यह सुझाव, दूसरे इसी प्रकार के सरकारी क्षेत्र में संयंत्र स्थापित करने के और सुझावों की तरह, वित्तीय साधनों के अभाव में, कार्यान्वित न किया जा सका । राज्य सरकार को इसकी सूचना दे दी गई थी । मध्य प्रदेश सरकार से इस सम्बन्ध में कोई नया सुझाव चौथी योजना में विचार करने के लिये अभी तक प्राप्त नहीं हुआ ।

**Cement Factories in Rajasthan**

422. **Shri Karni Singhji:** Will the Minister of **Industry and Supply** be pleased to state:

(a) whether proposal for the setting up of any cement factories in the private sector in Rajasthan have been under the consideration of Government; and

(b) if so, the main features thereof?

**The Deputy Minister in the Ministry of Industry and Supply (Shri Bibudhendra Misra):** (a) and (b). An application from Shri Girdhari Lal Jhunjhunwala, Bombay for industrial licence to install an annual capacity of 90,000 tons of cement at Neem-ki-Thana|Pipar Road|Sojat|Abu Road, and another from M|s. Hindusthan Sugar Mills Ltd., Bombay for a unit with an annual capacity of 400,000 tonnes of cement at Darauli in Udaipur district have recently been received and are under consideration.

**Railway Crossings**

423. **Shri Karni Singhji:** Will the Minister of **Railways** be pleased to state the number of railway crossings between Sadulpur and Bikaner (Northern Railway) manned during the last four years *viz.* from 1st April, 1960 to 31st March, 1964?

**The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri Sham Nath):** 16 level crossings have been manned between Sadulpur and Bikaner during the period from 1st April 1960 to 31st March, 1964.

**Manufacture of Electric Goods**

424. **Shri Balgovind Verma:** Will the Minister of **Industry and Supply** be pleased to state:

(a) whether Government propose to enter into a contract with General Electric Company to manufacture electric goods in India;

(b) the estimated cost and the nature of contract;

(c) the types of electric goods to be manufactured; and